सुगम्य भारत अभियान के तहत 'प्रिया, दि एक्सेसिबिलिटी वॉरियर ई-कॉमिक सह गतिविधि पुस्तक के विमोचन पर मीडिया नोट

शिक्षा समाज के विकास और प्रगति के लिए एक प्रोत्साहन है । यह आवश्यक है कि स्कूलों के बाधा मुक्त भौतिक वातावरण, पाठ्यक्रम के समावेशन, अधिगम सामग्री और शिक्षण/शैक्षणिक तकनीकों के लाभ दिव्यांग बच्चों सहित सभी तक पहुंचे । जागरूकता सृजन और संवेदीकरण के माध्यम से सार्वभौमिक सुगम्यता की दिशा में परिवर्तन को साकार किया जा सकता है । इस प्रकार, बच्चों में उनके प्रारंभिक वर्षों से ही सुगम्यता के महत्व को अंतर्निहित करने और सभी शिक्षा क्षेत्र में सुगम्यता सुनिश्चित करने की दिशा में वांछित गति (पुश) प्रदान करने की आवश्यकता की पहचान करने के बाद, शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 'प्रिया दी एक्सेसिबिलिटी वारियर' शीर्षक के तहत ई-कॉमिक सह सुगम्यता पुस्तक प्रकाशित की है। सभी क्षेत्रों में सुगम्यता बढ़ाने के लिए एक्सेसिबिलिटी वारियर सुगम्य भारत अभियान के तहत विभागों की पहल का एक भाग है।

ई-कॉमिक सह एक्सेसिबिलिटी पुस्तक का विमोचन 24 अगस्त 2021 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार और शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में की गई पहलों के शुभारंभ और एनआईपीयूएन भारत पर कार्यशाला के अवसर पर किया जाएगा।

यह इंटरैक्टिव और पूरी तरह से सुगम्य ई-कॉमिक पुस्तक एनसीईआरटी के तहत सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन टेक्नोलॉजी (सीआईईटी) और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का एक सहयोगात्मक प्रयास है।

पुस्तक को एक दिलचस्प और इंटरैक्टिव प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है ताकि सुगम्यता की जटिल अवधारणा को न केवल स्कूल जाने वाले बच्चों को बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न हितधारकों जिसमें स्कूल प्रशासक, प्रधानाचार्य, शिक्षक इत्यादि शामिल हैं को भी एक सरल तरीके से समझाया जा सके ।

ई-पुस्तक की संकल्पना दो भागों में की गई है, पहले एक कॉमिक स्ट्रिप होने के नाते एक फ्रैक्चर वाले पैर के साथ एक युवा लड़की की कहानी का चित्रण किया गया है और उसके स्कूल और परिवेश में सुगम्यता की जरूरत के लिए जागरूकता पैदा करने और यह कैसे उसके अन्य मित्रों को दिव्यांगता के साथ अपने जीवन में आगे बढ़े और अधिक स्वतंत्र रूप जीवन जीने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सक्षम बनाता है । दूसरा भाग जिसमें आठ (9) इंटरैक्टिव गतिविधियां शामिल हैं जो एक प्लेफुल मोड में सीखने की विधा में सुगम्यता की अवधारणाओं के बारे में बच्चों की समझ को प्रोत्साहित करेगी और परीक्षण करने में मदद करेंगी।

यह पुस्तक क्यूआर कोड-आधारित ऑडियो और साइन लैंग्वेज वीडियो आउटपुट और एक्सेसिबिलिटी फीचर्स जैसे टेक्स्ट-टू-स्पीच, फॉन्ट साइज आदि से लैस है । यह पुस्तक ई-पाठशाला और दीक्षा पोर्टल के साथ-साथ अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों में ई-पी-पीक्यूब, पीडीएफ और फ्लिपबुक प्रारूपों में उपलब्ध होगी, जिससे यह कंप्यूटर और मोबाइल फोन स्क्रीन पर पढ़ने के अनुकूल होगी ।

ई-कॉमिक सह गतिविधि पुस्तिका के विमोचन को सभी के लिए सार्वभौमिक सुगम्य वातावरण के निर्माण की दिशा में समाज के विकास को उन्मुख करने और समावेशी शिक्षा को हमारे सभी नागरिकों के लिए उज्जवल भविष्य बनाने के लिए एक वास्तविकता बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है ।